This question paper contains **16** printed pages]

*Your Roll No* ................

**7931**

# LL.B./II Term **E**

## Paper LB-202 : FAMILY LAW –II

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

1. Answer any *four* of the following : 4×5=20

(*i*) Mention any *five* features of Mitakshara Coparcenary.

(*ii*) Discuss the validity of gifts made during Marz-ul-Maut.

(*iii*) Can a junior coparcener act as Karta ?

(*iv*) Explain the 'Rule in Hanuman Prasad Pandey's Case'.

(*v*) Discuss the effect of deletion of Section 24 of the Hindu Succession Act, 1956.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए :

(*i*) मिताक्षर सहदायिकी की किन्हीं **पाँच** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(*ii*) मर्ज-उल-मौत के दौरान दिए गए उपहारों की विधिमान्यता का विवेचन कीजिए।

(*iii*) क्या कोई कनिष्ठ सहदायिककर्त्ता के रूप में कार्य कर सकता है ?

(*iv*) 'हनुमान प्रसाद पांडे के केस में नियम' की व्याख्या कीजिए।

(*v*) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 24 के निकाले जाने के परिणाम का विवेचन कीजिए।

2. Manoj has the following properties in which his daughter claimed a share by way of partition. Discuss the maintainability of her claim made in 2007 : 20

(*i*) A house which he got under a will executed by his maternal grandfather.

(*ii*) A land which he purchased out of his savings from earnings.

(*iii*) A house which he got after the death of his father as class I heir.

(*iv*) A land which he received on partition from his father.

मनोज के पास निम्नलिखित सम्पत्तियाँ हैं जिनमें उसकी पुत्री ने बँटवारे के द्वारा अपने शेयर की माँग की। 2007 में उसके द्वारा किए गए दावे की पोषणीयता का विवेचन कीजिए :

(i) एक गृह जो उसके नाना द्वारा निष्पादित विल के अन्तर्गत उसको मिला था।

(ii) एक भूमि जो उसने अपने अर्जन से बचत करके क्रय की।

(iii) एक गृह जो उसे अपने पिता की मृत्यु के बाद प्रथम वर्गीय उत्तराधिकारी के रूप में मिला।

(iv) एक भूमि जो उसे अपने पिता से बँटवारे पर मिली।

3. (i) Pannalal, the Karta of Hindu Joint Family, sold a portion of the Joint Family property to perform the marriage of his daughter who is aged 17 years. He also sold

four items of the mortgaged property to redeem the remaining four items of the property out of which one is a residential house. His brothers challenged both the alienations. Discuss the validity of the alienations in the light of decided cases.

(*ii*) Can a minor coparcener file a suit for partition ? Is it different from a suit filed by a major coparcener ?

2×10=20

(*i*) हिन्दू संयुक्त कुटुम्ब के कर्त्ता पन्नालाल ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री का विवाह सम्पन्न करने के लिए संयुक्त कुटुम्ब की सम्पत्ति का एक हिस्सा बेच दिया। उसने सम्पत्ति की शेष चार मदों को, जिनमें से एक आवासीय गृह है, मोचित करने के लिए बंधक रखी गई सम्पत्ति

की चार मदों को भी बेच दिया। उसके भाइयों ने दोनों अन्यसंक्रामणों को आक्षेपित किया। विनिश्चित केसों को ध्यान में रखते हुए उक्त अन्यसंक्रामणों की विधिमान्यता का विवेचन कीजिए।

(*ii*) क्या कोई अवयस्क सहदायिक बंटवारे हेतु वाद फाइल कर सकता है ? क्या यह किसी वयस्क सहदायिक द्वारा फाइल किए गए वाद से भिन्न होता है ?

4. Govind, a Mitakshara Hindu died as an undivided coparcener in January 2015, survived by his widow W), a son ($S_1$), a son and a daughter of predeceased son ($S_2S$ and $S_2D$) a daughter (D), his own mother (M), a brother (Br) and a sister (Sis). Ascertain the shares of heirs in the coparcenary property if the family is domiciled in : 20

(*a*) Chennai

(*b*) Nagpur.

हिन्दू मिताक्षर गोविन्द की जनवरी, 2015 में अविभक्त सहदायिक के रूप में मृत्यु हो गई। उसने अपने पीछे अपनी विधवा (W), एक पुत्र ($S_1$), पूर्वमृत पुत्र का एक पुत्र तथा एक पुत्री ($S_2S$ और $S_2D$), एक पुत्री D, उसकी अपनी माता (M), एक भाई (Br) और एक बहन (Sis)। यदि उक्त कुटुम्ब (*a*) चेन्नई, (*b*) नागपुर में अधिवासित हो तो सहदायिकी सम्पत्ति में इन वारिसों के शेयर अभिनिश्चित कीजिए।

5. (*i*) 'A' a Hindu, died intestate in 2010 survived by his widow (W), father and mother (F and M), a brother and a sister (Br and Sis), a son ($S_1$) who had converted to Islam, an illegitimate son ($S_2$) and an unmarried daughter of a predeceased daughter who had converted to Christianity and married a Christian (DD). Identify the heirs who are entitled to a share and how much ?

(*ii*) Sheela died in 2011 survived by the following persons. Her illegitimate daughter (D), a legitimate son through her first husband ($SH_1$) and her husband ($H_2$) whom she married after the death of her first husband. At the time of her death she had the following properties : A house inherited from her mother, a plot of land inherited from her first husband and another plot of land gifted to her by her father. Who will succeed to her property and in what shares ? 2×10=20

(*i*) एक निर्वसीयती हिन्दू A की 2010 में मृत्यु हो गई। उसने अपने पीछे अपनी विधवा (W), पिता और माता (F और M), एक भाई तथा एक बहन (Br और Sis), इस्लाम में धर्मान्तरित एक पुत्र ($S_1$), एक अधर्मज पुत्र

($S_2$) और एक पूर्वमृत पुत्री की, जो ईसाई धर्म में धर्मान्तरित हो गई थी तथा एक ईसाई के साथ विवाहित थी, अविवाहित पुत्री (DD)। उन वारिसों की पहचान कीजिए जो शेयर पाने और कितना शेयर पाने के हकदार हैं ?

(*ii*) शीला अपने पीछे निम्नलिखित व्यक्तियों को छोड़कर 2011 में मृत्यु को प्राप्त हो गई :

उसकी अधर्मज पुत्री (D), अपने पहले पति से प्राप्त एक धर्मज पुत्र ($SH_1$) और उसका पति ($H_2$) जिसके साथ उसने अपने पहले पति की मृत्यु के पश्चात् विवाह किया था। उसकी मृत्यु के समय उसके पास निम्नलिखित सम्पत्तियाँ थीं; अपनी माता से विरासत में मिला एक गृह, उसके पहले पति से विरासत में मिला

एक भू-खंड और उसके पिता से उसको दान में मिला एक अन्य भूखंड। उसकी सम्पत्ति के कौन-कौन तथा कितने कितने शेयर के वारिस होंगे ?

6. (*i*) A Sunni Muslim died survived by his parents [M and F], his widow (W), one daughter (D) and a son (S). Ascertain their shares if the property is worth rupees seventy two lakhs.

(*ii*) A Sunni female died survived by her mother, father, brother and husband. Ascertain the shares of eligible heirs if the property is worth rupees sixty lakhs.

$2 \times 10 = 20$

(*i*) एक सुन्नी मुस्लिम अपने पीछे अपने माता-पिता (M और F) अपनी विधवा (W), एक पुत्री (D) और एक पुत्र (S) छोड़कर मृत्यु को प्राप्त हो गया। यदि सम्पत्ति बहत्तर लाख रुपए मूल्य की हो तो उन शेयरों का अभिनिश्चय कीजिए।

(ii) एक सुन्नी महिला अपने पीछे अपनी माता, पिता, भाई और पति को छोड़कर मृत्यु को प्राप्त हो गई, यदि उसकी सम्पत्ति 60 लाख रुपए मूल्य की हो तो पात्र वारिसों के शेयरों का अभिनिश्चय कीजिए।

7. (i) A Muslim executed a will giving Rs. 30,000; Rs. 60,000 and Rs. 90,000 to X, Y and Z respectively. His total property on the date of his death was Rs. 2,70,000. Discuss who would get how much under Sunni and Shia law.

(ii) A Muslim executed a will giving Rs. 30,000 each to X, Y and Z. His total property was Rs. 90,000. Discuss who would get how much under Sunni and Shia law. $2 \times 10 = 20$

(*i*) एक मुस्लिम ने X, Y और Z को क्रमशः 30,000 रु. 60,000 रु. और 90,000 रु. देते हुए एक विल निष्पादित की। उसकी मृत्यु की तारीख को उसकी कुल सम्पत्ति 2,70,000 रु. मूल्य की थी। विवेचन कीजिए। सुन्नी और शिया विधि के अन्तर्गत किसको क्या-क्या मिलेगा ?

(*ii*) एक मुस्लिम ने X, Y और Z में से प्रत्येक को 30,000 रु. देते हुए एक विल निष्पादित की। उसकी कुल सम्पत्ति 90,000 रु. मूल्य की थी। सुन्नी और शिया विधि के अन्तर्गत किसको कितना मिलेगा, विवेचन कीजिए।

8. (*i*) Abdul declared his intention to his friends to gift his house and agricultural lands to his minor granddaughter

[daughter's daughter] who had been under his care and protection from her childhood and communicated the same to her father. Abdul continued to manage the properties till his death. His brother challenged the validity of the gift on the ground that there was no acceptance from the guardian of the donee and there was no delivery of possession. On behalf of the donee it was argued that where the donor and the donee were residing in the same premises which had been gifted, delivery of possession was not required. Examine the validity of the gift in the light of decided cases.

(*ii*) Husband gifted a property to his minor wife through a registered deed and handed over the document to the mother of his wife who had been taking care of her daughter and son-in-law and the gift was accepted by her. After the death of the husband, the wife also died. The husband's brother claimed his share in the property according to law of inheritance denying the validity of the gift on the ground that it was not accepted by the guardian. Examine the validity of the gift in the light of decided cases. 2×10=20

(*i*) अब्दुल ने अपने गृह और कृषि भूमि को अपनी अवयस्क नातिन (पुत्री की पुत्री) को दान में देने की घोषणा अपने मित्रों से कर दी थी और इसकी संसूचना अपने

पिता को भी दे दी थी। नातिन बचपन से ही उसकी देखभाल और संरक्षण में रही थी। अब्दुल अपनी मृत्यु तक अपनी सम्पत्ति का प्रबन्ध करता रहा था। उसके भाइयों ने इस आधार पर दान विलेख की वैधता को आक्षेपित किया था कि आदाता के संरक्षक द्वारा कोई प्रतिग्रहण नहीं किया गया था तथा कब्ज़े का परिदान भी नहीं किया गया था। आदाता की ओर से दलील दी गई थी कि जब दाता और आदाता उसी परिसर में रह रहे थे जो दान में दिया गया था, तब कब्ज़े के परिदान की कोई अपेक्षा नहीं थी। विनिश्चित केसों को ध्यान में रखते हुए उक्त दान की विधिमान्यता की जाँच कीजिए।

(*ii*) पति ने रजिस्ट्रीकृत विलेख द्वारा अपनी अवयस्क पत्नी को सम्पत्ति दान में दे दी और अपनी पत्नी की माता को, जो अपनी पुत्री तथा दामाद की देखभाल कर रही थी, दस्तावेज सौंप दिए तथा दान का प्रतिग्रहण भी उसी ने किया। पति की मृत्यु के पश्चात् पत्नी का स्वर्गवास भी हो गया। पति के भाई ने इस आधार पर दान की विधिमान्यता को नकारते हुए उत्तराधिकार विधि के अनुसार सम्पत्ति में अपने शेयर का दावा किया कि दान का प्रतिग्रहण संरक्षक द्वारा नहीं किया गया था। विनिश्चित केसों को ध्यान में रखते हुए उक्त की विधिमान्यता की जाँच कीजिए।